nt>
Title: Requests the Central Government to direct the State Government of Uttar Pradesh to withdraw the fake cases against the socialist leaders and workers in Allahabad, Fatehpur and Koshambi.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : सभापति जी, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जनपद इलाहाबाद फतेहपुर कौशाम्बी क्षेत्र में समाजवादी नेताओं तथा कार्यकत्ताओं के ि वरूद्ध उत्पीड़न, फर्जी मुकदमे तथा हत्या की कार्यवाही राजनीतिक विद्वेष की भावना से हो रही है।

... (व्यवधान)

1256 hours

(At this stage, some pamphlets were thrown into the House

from the Visitors' Gallery.)

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज): सभापति जी, यह क्या हो रहा है?

... (व्यवधान)

ऐसे तो कोई भी बम फेंक कर चला जायेगा।

... (व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : जिनमें शिव सागर सिंह पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, श्री वीर अभिमन्यू, पूर्व विधायक, श्री सुलाकी लाल यादव, पूर्व सभासद आदि के ऊपर गैंगस्टर और गुंडा एक्ट लगाया जा रहा है।

... (व्यवधान)

उक्त सभी नेता प्रतिष्ठित पदों पर रहे हैं तथा उनकी अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा है। मैं ग्रह मंत्री जी से मांग करता हूं कि अविलम्ब ऐसे फर्जी मुकदमों की साजिश को रोका जाये और प्रदेश सरकार को इस बारे में निर्देश दिया जाये

... (व्यवधान)

उत्तर प्रदेश में दर्जनों ऐसे मंत्री हैं जिन पर आपराधिक मुकदमे हैं। उनके चरित्र और आचरण को देखते हुए उस पर भी कार्यवाही हो।

... (व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से ग्रह मंत्री जी से मांग करता हूं कि वे उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करें कि जिन लोगों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है, उनके ि वरूद्ध फर्जी मुकदमे वापिस ले।